# जिले में अब तक लक्ष्य के सापेक्ष छह फीसदी हो पाई गेहूं खरीद

## बाजार में 2300 से 2350 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा गेहूं, सरकारी रेट 2275 रुपये प्रति क्विंटल, क्रय केंद्रों पर जाने से बच रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रशासन की तमाम सख्ती और कार्रवाई के बादवजूद गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। विभागीय आंकड़ों पर गौर करें अब तक जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष महज छह फीसदी गेहूं खरीद हो पाई है। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी लक्ष्य पूरा करने की कोशिश में जुटे हैं।

जनपद में एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए विभिन्न क्रय एजेंसियों के 145 क्रय केंद्र खोल दिए गए थे। मगर, जनपद में गेहूं खरीद की शुरुआत तीन अप्रैल से हो सकी। शासन की ओर से इस बार जनपद को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए इस बार प्रशासन शुरुआत से ही खासी सख्ती बरत रहा है। डीएम संजय कुमार सिंह ने गेहूं को गैर जनपदों में ले जाकर बिक्री करने पर रोक लगा रखी है। जनपद समेत तहसील क्षेत्र की सीमाओं पर बैरियर लगाकर निगरानी की जा रही है। वहीं, शासन से लेकर मंडल स्तरीय अधिकारी रोजाना ही जनपद में की जाने वाले गेहूं खरीद की समीक्षा कर रहे हैं। वहीं कम गेहूं खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके गेहूं खरीद तेजी नहीं पकड़ पा रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह गेहूं के समर्थन मूल्य और बाजार भाव में अंतर माना जा रहा है।



मंडी में गेहूं की तौल करते श्रमिक। ● अमृत विचार

● **प्रशासन की तमाम कोशिशों और कार्रवाई के बाद भी तेजी नहीं पकड़ पा रही गेहूं खरीद**

बाजार में गेहूं 2300 से 2350 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। जबकि गेहूं का सरकारी भाव 2,275 रुपये प्रति क्विंटल है। इससे अधिकांश किसान सरकारी केंद्रों पर गेहूं की बिक्री नहीं कर रहे हैं। वहीं जनपद के तमाम किसान चोरी-छिपे उत्तराखंड की मंडियों में ले जाकर गेहूं बेच रहे हैं। उत्तराखंड की मंडियों में गेहूं का भाव 2350 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल बताया जा रहा है। जनपद में 27 अप्रैल तक 145 क्रय केंद्रों के माध्यम से लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 6.03 फीसदी गेहूं खरीद हो सकी है। तमाम सख्ती और कार्रवाई के बाद जनपद में गेहूं खरीद रफ्तार पकड़ती नजर नहीं आ रही है। ऐसे में प्रशासन के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल करना चुनौती बनता जा रहा है। हालांकि गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अभी किसान गेहूं की मड़ाई में लगे है, सहालग भी चल रही हैं। आने वाले दिनों में क्रय केंद्रों पर होने वाली गेहूं खरीद में इजाफा सकता है।

### जिले में अब तक 18584.9 एमटी हुई खरीद

विभागीय आंकड़ों के मुताबिक जिले में 145 क्रय केंद्रों के माध्यम से 18584.9 मीट्रिक टन खरीद हुई है। इसमें सर्वाधिक खरीद खाद्य विभाग के क्रय केंद्रों द्वारा की गई है। जोकि 8651.60 मीट्रिक टन है। खरीद में सबसे पीसीयू सबसे फिसड्डी साबित हो रहा है। पीसीयू द्वारा अब तक जिले में 2058.75 मीट्रिक टन है। जोकि एजेंसी वार दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष महज 2.94 प्रतिशत ही है।

> जनपद में अब तक 18584.9 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हो चुकी है। सभी केंद्र प्रभारियों को गेहूं खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कम खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों को नोटिस भेजकर चेतावनी दी जा रही है। लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में गेहूं खरीद करने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। – **विजय कुमार शुक्ला**, डिप्टी आरएमओ

### डीएम ने प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिए निर्देश

गेहूं खरीद को लेकर प्रशासन द्वारा खासी सख्ती बरती जा रही है। गेहूं खरीद की समीक्षा के बाद डीएम संजय कुमार सिंह ने पीसीयू, पीसीएफ एवं यूपीएसएस के सबसे कम खरीद करने वाले केंद्र प्रभारियों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए हैं।

# परिषदीय स्कूलों में टाइम टेबल लागू 40 मिनट का होगा एक पीरियड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **निजी स्कूलों की तर्ज पर परिषदीय विद्यालयों में भी होगी पढ़ाई**

● **आठ विषयों की कराई जाएगी पढ़ाई 8:15 पर लगेगी पहली क्लास**

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र में परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए शासन जोर शोर से जुटा हुआ है। अब परिषदीय विद्यालयों को भी निजी स्कूलों की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। इसलिए अब परिषदीय विद्यालयों में टाइम टेबल लागू किया गया है। जिसके अनुसार एक पीरियड 40 मिनट का होगा। साथ ही 30 मिनट का लंच होगा। यह समय सारणी सभी परिषदीय विद्यालयों में लागू कर दी गई है। विद्यालयों में आठ विषयों की कक्षाएं संचालित होंगी।सभी स्कूलों में नियमानुसार पढ़ाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परिषदीय विद्यालयों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में 1503 परिषदीय विद्यालय हैं और उनमें करीब पौने दो लाख बच्चे पंजीकृत हैं। नए शैक्षिक सत्र में कक्षा तीन से आठ तक की किताबें भी वितरण कर दी गई है। हालांकि अभी कक्षा एक और दो की किताबों का वितरण नहीं हो सका। फिलहाल शैक्षिक सत्र चालू कर दिया गया है। अब यहां अध्ययनरत बच्चों के लिए टाइम टेबल बनाया गया है। समय में बांटकर सभी विषयों की रोजाना पढ़ाई होगी। इसके लिए समय तय कर दिया गया है। प्रत्येक कक्षा में विषय की पढ़ाई 40 मिनट की होगी। शुरुआत में जब नौनिहाल विद्यालय पहुंचेगे तो 15 मिनट में प्रार्थना सभा होगी। प्रधानाध्यापक को पूरे सप्ताह की समय सारणी बनानी होगी। समय सारणी सभी विद्यालयों में तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

### रोज आठ कक्षाएं लगेंगी

8.15 मिनट से पहली कक्षा शुरू होगी। यह 8.55 मिनट तक रहेगी। 10.15 से 10.45 लंच होगा। शुरुआती समय में तीन कक्षाएं होगी। लंच के बाद पांच कक्षाएं होंगी। यह एक कार्य दिवस में कुल आठ पीरियड के जरिए बच्चों को पढ़ाया जाएगा।

> परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर लगातार सुधर रहा है। नए शैक्षिक सत्र में और भी सुधार हो रहे हैं। हाल में आए नए निर्देश के चलते सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित कर दिया गया है। नए टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई करवाई जाएगी। –**अमित कुमार सिंह बीएसए**

# बाढ़ से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करें

**पीलीभीत, अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में सोमवार को बाढ़ स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। गांधी सभागार हुई बैठक में डीएम द्वारा राजस्व विभाग, पुलिस, जल निगम, कृषि, पूर्ति, विद्युत, सिंचाई, नगर पालिका, पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों से संबंधित कार्य योजना की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश देते हुए कहा कि ड्यूनीडैम एवं वनबसा बैराज से पिछले सालों की तरह शारदा और देवहा नदी में छोड़े जाने वाले पानी के जलस्तर संबंधी रिपोर्ट एसडीएम को दें। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड एवं सागर खंड को निर्देश दिए कि बचाव के लिए निर्माणाधीन सभी बाढ़ परियोजनाओं को मई के अंत तक पूरा करा लें। एसडीएम मौके पर जाकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेगें। बाढ़ से निपटने के लिए स्थापित बाढ़ चौकियों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

# टीम का फ्लोर मिल पर छापा, स्टॉक में 6000 क्विंटल गेहूं अधिक मिला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **सिटी मजिस्ट्रेट ने मिल मालिक को लाइसेंस निलंबित करने का जारी किया नोटिस**

**अमृत विचार:** डीएम द्वारा गठित टीम ने शहर स्थित एक फ्लोर मिल पर छापेमारी की। टीम द्वारा स्टॉक का मिलान करने पर करीब छह हजार क्विंटल अधिक गेहूं पाया गया। टीम ने मामले की रिपोर्ट सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी। सिटी मजिस्ट्रेट ने मिल स्वामी को लाइसेंस निलंबन को नोटिस जारी किया है।

जनपद में शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद करने के लिए प्रशासन कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहा है। जनपद के गेहूं को बाहर ले जाने पर प्रतिबंध लगाते हुए टीमों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। पिछले दिनों प्रमुख सचिव खाद्य एवं विशेष सचिव खाद्य ने जनपद दौरे के दौरान कम गेहूं खरीद पर नाराजगी जताते हुए गेहूं का अवैध भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। डीएम संजय कुमार सिंह ने गेहूं के अवैध भंडारण पर रोकथाम के लिए टीम का गठन किया गया है। इधर डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर की शांति फ्लोर मिल पर छापेमारी की थी। टीम ने मिल में स्टॉक से संबंधित अभिलेखों की पड़ताल की। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि स्टॉक का मिलान करने पर करीब छह हजार क्विंटल अधिक गेहूं मौके पर पाया गया। इससे संबंधित अभिलेख भी मौके पर नहीं मिले। इस पर टीम ने जांच रिपोर्ट सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंप दी। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि मिल स्वामी को लाइसेंस निलंबन का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से मिल स्वामी से गेहूं के संबंध में जानकारी मांगी गई है।अब

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीसलपुर।** पीलीभीत से शाहजहांपुर की ओर जाने वाली ट्रेन से रामलीला गजरौला मार्ग पर स्थित फाटक पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इसमें गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के दूसरे दिन भी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मामला रविवार शाम पौने सात बजे का है। जब शाहजहांपुर को जाने वाली ट्रेन बीसलपुर स्टेशन से रवाना हुई थी। यहां से करीब दो किलोमीटर दूर बीसलपुर से गजरौला जाने वाले मार्ग पर लगे रेलवे के फाटक के पास पहुंची होगी। तभी एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसमें गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद गार्ड ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी।

### व्यापारियों ने ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की उठाई मांग



**पूरनपुर।** व्यापारियों ने पूरनपुर से ट्रेनों का संचालन बढ़ाने, क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाए जाने और स्टेशन पर वृद्ध यात्रियों के चढ़ने के लिए स्वचालित सीढ़ियां लगवाने आदि की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की पूरनपुर इकाई के पदाधिकारी नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंडल रेल प्रबंधक इज्जत नगर को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर कौशल पांडे को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पूरनपुर स्टेशन से लखनऊ और बरेली के लिए ट्रेनों का संचालन नहीं बढ़ाया गया है। इससे व्यापारियों को काफी परेशानी हो रही है। पूरनपुर से मीटरगेज के दौरान चलाई जा रही ट्रेनों का संचालन करने की मांग की गई। माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग को रखा। इनमें संरक्षक मुकेश खंडेलवाल, महामंत्री रवि जायसवाल, उपाध्यक्ष सैयद जफर अली, श्याम सिंह, डॉ. उमाशंकर, मयंक सक्सेना, संजय गुप्ता, शोभित पाल, मुकेश खंडेलवाल रहे।

### ट्रांसफार्मर हटवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**पूरनपुर।** सर्राफा मार्केट में रखे ट्रांसफार्मर में कई बार आग लग चुकी है। सर्राफा व्यापारियों ने एक्सईएन को ज्ञापन सौंप कर ट्रांसफार्मर दूसरी जगह रखवाने की मांग की है। सोमवार को उत्तर प्रदेश स्वर्णकार समाज के लोग अधिशासी अभियंता प्रशांत गुप्ता से मिलने पहुंचे। व्यापारियों ने कहा कि मोहल्ला चौक में सराफा मार्केट में हरी बाबू सर्राफ की दुकान के सामने 63 और 100 केवीए के दो ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। इन ट्रांसफॉर्मर में कई बार आग लग चुकी है। व्यापारियों ने मार्केट के बीच रखें दोनों ट्रांसफार्मर को हटाकर दूसरे स्थान पर रखवाने की मांग की। दरअसल बिजली विभाग दोनों ट्रांसफार्मर हटाकर उनके स्थान पर 250 केवीए की क्षमता का एक ट्रांसफार्मर रखने की तैयारी कर रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष नितिन वर्मा, रोहित वर्मा, सर्वेश स्वर्णकार, सुनील कुमार वर्मा, योगेश वर्मा, एड सुनील वर्मा मौजूद रहे।

### हर ट्रेड की बनेगी अलग शाखा, व्यापार को मिलेगी रफ्तार

**पीलीभीत।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष एम ए जीलानी के निर्देश पर नगर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक ने की। मासिक बैठक में रणवीर पाठक ने कहा की जल्द ही नगर में एक अभियान चला कर हर ट्रेड की अलग शाखाएं बनाई जाएंगी। जिसमें उस ट्रेड का अध्यक्ष और महामंत्री ट्रेड के ही लोग बनाएंगे। जिनको उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले जोड़ा जाएगा। संगठन का विस्तार करने के लिए व्यापारियों को संगठन से जोड़ना है। नगर महामंत्री शलभ गंगवार ने कहा हर छोटी-बड़ी समस्या को लेकर संगठन सदैव तैयार रहता है।






# दुर्घटनाओं का कहर...10 घंटे में चार युवकों की जान गई

## माधोटांडा, घुंघचाई और बरखेड़ा इलाके में हुए हादसे, महिला व उसके दो बच्चे घायल, मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे तो मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले में दुर्घटनाओं का कहर जारी है। रविवार रात से सोमवार सुबह तक करीब 10 घंटे में माधोटांडा, घुंघचाई और बरखेड़ा इलाके में तीन सड़क हादसे हुए। इनमें चार लोगों की जान चली गई, जबकि एक महिला और उसके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का पता लगने पर चारों परिवारों में कोहराम मच गया।

**हादसा 1** **माधोटांडा।** गांव जमुनिया खासपुर निवासी राधेश्याम ने बताया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार रविवार सुबह रिश्तेदारी में शाहजहांपुर जिले के बंडा थाना क्षेत्र के गांव चांदूपर गया था। वहां से शाम करीब साढ़े पांच बजे वह बाइक पर घर लौट रहा था। तभी पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव दिनेश नवदिया गांव के समीप उनकी गाड़ी में सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर में मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पूरनपुर में भिजवा दिया। वहां से मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया। इस बीच सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को बरेली ले जाकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान सोमवार सुबह आठ बजे उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिवार वाले शव लेकर घर लौट आए। परिवार वालों की सूचना पर माधोटांडा पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पिता ने बताया कि डेढ़ माह पहले सुनील की सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के गांव चिड़िया दाह से शादी तय हुई थी। सगाई हो चुकी है। तीन माह बाद शादी होने को थी। कोतवाल पूरनपुर संजीव शुक्ला ने बताया कि हादसा करने वाली बाइक को कब्जे में ले लिया है। आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


मृतक सुनील कुमार।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक सुनील के परिजन। • अमृत विचार

**हादसा 2** **बरखेड़ा।** कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव जसोली दिवाली निवासी गोकुल प्रसाद ने बताया कि उनका 30 वर्षीय पुत्र जगदीश प्रसाद उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वहीं, उसकी बड़ी साली खुशबू पत्नी प्रदीप कुमार निवासी गोबल पतिपुर बीसलपुर भी नौकरी करती हैं। सोमवार सुबह करीब पांच बजे बाइक पर जगदीश व उसकी साली और उसके तीन साल के बेटे कार्तिक व एक तीन माह के बच्चे को लेकर रुद्रपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में पतरसिया पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक सामने से आ रही तांगा बुग्गी से टकरा गई। इसमें बाइक जगदीश, उसकी साली और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बरखेड़ा सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद बाइक चालक जगदीश प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जबकि, उसकी साली खुशबू की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे रेफर कर दिया गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिवार वाले भी मौके पर जा पहुंचे। परिवार वालों ने बताया कि बीती 12 फरवरी को जगदीश की शादी बरेली जिले के क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी कालीचरण की पुत्री नीतू के साथ हुई थी। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है।


मृतक जगदीश।


रोते बिलखते मृतक के परिजन।

**हादसा 3** **घुंघचाई।** जनपद शाहजहांपुर के गांव कंधरपुर निवासी प्रेमपाल ने बताया कि उनका 19 वर्षीय बेटा विशाल रविवार रात नौ बजे अपने दोस्त बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया निवासी 18 वर्षीय रवि के साथ अपने मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने बाइक से शाहजहांपुर के बॉर्डर पर स्थित वैवहा गांव जा रहा था। तभी रास्ते में बंडा मार्ग स्थित गुलड़िया ईंट भट्ठा के पास उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से दोनों की मौके पर मौत हो गई। दो युवकों को हाईवे पर पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिए। इधर, दोनों युवकों के शादी समारोह न पहुंचने पर परिवार वालों ने तलाश शुर, जिसके बाद उन्हें एक्सीडेंट के बारे में पता चला। दुर्घटना का शिकार हुआ विशाल पढ़ाई कर रहा था। जबकि, रवि परिवार के साथ खेती बाड़ी में हाथ बांटता था। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत हुई है। वाहन की तलाश की जा रही है। फिलहाल परिवार की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।


मृतक रवि।


मृतक विशाल।

## शादी समारोह में गई महिला के जेवर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** शादी समारोह में शामिल होने आई एक महिला के जेवर गायब हो गए। महिला ने अपने सगे भांजे के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव टिसुआ निवासी हाजरा पत्नी दिलशाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 17 अप्रैल को नगर के मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी कासिम अली के यहां शादी समारोह में आई थी। उनके यहां भीड़ अधिक होने के कारण महिला अपने सगे भांजे फहीम सिद्दीकी उर्फ शिबू पुत्र खलील अहमद घर चली गई। जहां उसने अपने जेवर उतारकर अपनी ननद साईन पत्नी खलील अहमद को रखने के लिए दे दिए। 18 अप्रैल को महिला का भांजा फहीम उर्फ शिवू जेवर चोरी करने के बाद अपनी ड्यूटी पर चला गया। हाजरा व उसकी ननद ने फोन करके फहीम से जेवर लौटाने को कहा। मगर वह टालमटोल करने लगा। इस पर हाजरा ने आरोपी फहीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एक नजर

### लकड़ी से भरी ट्राली समेत ट्रैक्टर किया सीज

**पूरनपुर।** गांव के बाहर लकड़ी लदी खड़ी ट्राली व ट्रैक्टर को पुलिस ने सीज कर दिया। बताया जा रहा लकड़ी ईंट भट्ठे पर जा रही थी। रविवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि शेरपुर कलां गांव के बाहर तिराहे पर एक ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी से भरी हुई खड़ी है। सूचना पर उप निरीक्षक प्रकाश चंद शर्मा पहुंच गए और जांच पड़ताल की। लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली का चालक गायब था। काफी देर इंतजार के बाद भी पुलिस को ट्रैक्टर ट्राली और लकड़ी स्वामी के बारे में पता नहीं चला। पुलिस ने लावारिस अवस्था में खड़ी ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले ली और कोतवाली लाई। जांच पड़ताल के बाद भी मालिक का पता न चलने पर पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। उपनिरीक्षक प्रकाश चंद शर्मा ने बताया कि ट्राली में यूकेलिप्टस, शीशम, और अन्य प्रजाति की लकड़ी भरी हुई है। उन्होंने बताया कि सीज की कार्रवाई होने के बाद एक ईंट भट्ठा मालिक ने उसे पर मालिकाना हक जताया है।

### वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**बीसलपुर :** जिला बरेली के थाना क्षेत्र के फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के ग्राम चठिया फैजू निवासी प्रेम प्रकाश पुत्र मुनेंद्र सिंह अपनी बाइक द्वारा बीसलपुर से अपने गांव देर रात्रि वापस जा रहा था। वह जैसे ही बीसलपुर बरेली रोड पर स्थित भड़रिया मोड पुल पर पहुंचे। वैसे ही किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। हादसे की सूचना बीसलपुर कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### दो बाइको की भिड़ंत में तीन लोग घायल

**बरखेड़ा :** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खजुरिया पचपेड़ा के ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार का 21 वर्षीय पुत्र अर्पित रविवार शाम करीब पांच बजे किसी कार्य से अपने घर से मोटरसाइकिल से कस्बे में जा रहा था। उधर गांव फूटा कुआं तालुके कुरैईया निवासी रामऔतार 38 वर्षीय अपनी पत्नी रीतू भारती के साथ बाइक से घर लौट रहा था। तभी अचानक कुरैईया गांव के समीप दोनों मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता के भाई ने उसके ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बरेली जनपद के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र के ग्राम पुरनापुर निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बहन रीना देवी का विवाह चार वर्ष पूर्व बीसलपुर नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी भगवान दास के पुत्र दीपक भारती के साथ किया था। विवाह में अपनी सामर्थ्य अनुसार दान दहेज दिया था। दान दहेज से बहन रीना का पति और ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने दहेज में पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करना शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कुछ दिन पूर्व ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इस मामले में पीड़िता के भाई की ओर से मिली तहरीर के आधार पर पति दीपक ,देवर सरदार, गन्ठे, ननद कविता, मौसी और ससुर भगवान दास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करवाई जा रही है।

## आवारा पशुओं के आने से खाई में पलटी कार


हादसे के बाद मौके पर पलटी पड़ी कार।

**गजरौला, अमृत विचार:** आवारा पशुओं से होने वाले हादसों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। मगर इसके बाद भी उन्हें पकड़ने के लिए मुहिम नहीं चलाई जा रही है। सोमवार सुबह 10 बजे पूरनपुर की ओर से आ रही एक कार के आगे अचानक आवारा पशुओं का झुंड आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकला ।

## रेस्टोरेंट में हुई चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- रेस्टोरेंट के पुराने कारीगर ने दिया था वारदात को अंजाम, चोरी गईं मूर्तियां, नगदी व सामान बरामद

**अमृत विचार:** पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज की मदद से रेस्टोरेंट में हुई चोरी का खुलासा कर एक आरोपी को दबोच लिया। वारदात को अंजाम रेस्टोरेंट में कारीगर रहे बरखेड़ा कस्बे के एक युवक ने की थी। पुलिस ने चोरी गईं लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, नगदी और कुछ अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

व्यापारी रामगुलाम सक्सेना का कस्बे में रेस्टोरेंट है। उनके बेटे नरेंद्र सक्सेना की शुक्रवार को बरेली में शादी थी। जिसमें पूरा परिवार गया था। उसी रात रेस्टोरेंट में घुसा चोर लक्ष्मी-गणेश की चांदी की मूर्तियां व नगदी समेत सात लाख का सामान समेट ले गया था। घटना के दौरान चोर की तस्वीर दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। हालांकि वह हेलमेट लगाए था। छानबीन के दौरान मिले सबूतों के आधार पर पुलिस ने कस्बे के वार्ड नंबर चार निवासी विशाल उर्फ गब्बर को सोमवार सुबह गाजीपुर कुंडा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी गई चांदी की गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति, दो जोड़ी सोने के कुंडल, अंगूठी, तीन लॉकेट, 687063 रुपये, एक मोबाइल, घटना में इस्तेमाल लोहे की गई लोहे की रॉड और बाइक बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार आरोपी विशाल उर्फ गब्बर करीब चार माह पूर्व तक इसी रेस्टोरेंट में कारीगर था। इसी वजह से वह हेलमेट पहनकर चोरी करने घुसा था।

### आरोपी तक इस तरह पहुंची पुलिस

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद आरोपी की फुटेज दिखाकर आसपास ठेला लगाने वालों से चाल ढाल के बारे में पूछताछ की ।इस पर अधिकांश ने आरोपी गब्बर के होने का संदेह जताया। इसके बाद पुलिस उसके घर की तरफ पहुंची तो जिस बोरी में चोरी का सामान ले जाते कैमरे में दिखा था। वही बोरी उसके घर के बाहर पड़ी मिल गई। इनके समेत कई सबूत जुटाने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

> रेस्टोरेंट में हुई चोरी की घटना कस्बे के रहने वाले विशाल उर्फ गब्बर ने की थी। वह पूर्व में इसी रेस्टोरेंट में कारीगर भी था। उसके कब्जे से चोरी गया नकदी व सामान भी बरामद हुआ है। घटना का खुलासा कर आरोपी को जेल भेज दिया है।
>
> – अरविंद सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

## शादी समारोह में चले लाठी-डंडे, कई घायल

संवाददाता, माधोटांडा

- आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार :** शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति निवासी हरजीत कुमार अपने मामा दयालपुर निवासी रामपाल के साथ अपने मौसेरे भाई की बरात में शामिल होने के लिए इसी थाना क्षेत्र के गांव लौहरपुरा गया। वह मामा के साथ पंडाल में खाना खा रहा था। इसी दौरान लौहरपुरा निवासी संजीव कुमार उसके मामा को बाहर ले गया। जहां पर पहले से ही करीब पांच छह लोग खड़े हुए थे। वहां पहुंचते ही आरोपी ने अपने साथियों के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दी। जब उन्होंने विरोध किया। तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट करते हुए लोहे की राड से हमलावर हो गए।जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए। शोर सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे,बचाने का प्रयास किया तो उनको भी पीटना शुरू कर दिया। शादी समारोह में हुए विवाद को लेकर अफरातफरी मच गई। पीड़ित के मामा रामपाल को मरण अवस्था में छोड़कर आरोपी भाग गए। जिसके बाद उन्हें सीएचसी पूरनपुर में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पीड़ित की ओर से आरोपी तेजपाल, गुड्डू, अनिल,मोनू, बलराम,सुरेश,गुड्डू व नरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ अचल कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।इस मामले में आरोपी गुड्डू,अनिल और मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## घरवाले सोते रहे, चोर समेट ले गए सामान

**घुंघचाई, अमृत विचार :** रात में घरवाले सोते रहे और घर में घुसे चोर सामान समेटकर फरार हो गए। गांव लुकटिहाई निवासी अमरीश वर्मा ने बताया कि रविवार की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात में पीछे की दीवार फांदकर चोर घर में घुस गए और अलमारी में रखे चांदी की तीन कर्धनी, सोने के झाले, मांग बिंदी, नथुनी, तीन पेंडल, तीन कमर बिछुआ, तीन पायलें आदि जेवर ले गए। सोमवार सुबह जागने पर घर में सामान बिखरा देखा तो उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। उनकी सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित पुलिस के साथ गांव से दूर खेतों के पास पहुंचा। तो वहां बैग और जेवरात की खाली डिब्बी पड़ी मिली। पीड़ित की ओर से मामले की तहरीर पुलिस को दी गई।

## वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


- बनारस तक सीधे रेल सेवा शुरू होने से पीलीभीत के यात्री खुश

**अमृत विचार:** सोमवार से लालकुआं-वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो गया। बनारस तक ट्रेन से सफर करने की सुविधा मिलने पर स्थानीय यात्रियों में खुशी का माहौल देखा गया। ट्रेन में सवार होने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी।

रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए चार समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया था। 21 अप्रैल को टनकपुर-दौराई समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया गया। जबकि 25 अप्रैल से लालकुआं-हावड़ा एवं 26 अप्रैल रामनगर-लखनऊ समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू हो चुका है। इन सभी समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन बाया पीलीभीत होकर किया गया है। इधर सोमवार को लालकुआं-वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन का भी संचालन शुरू हो गया। बनारस तक सीधे रेल सेवा शुरू होने से जनपदवासियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा था। इधर पीलीभीत से बनारस तक का सफर करने के लिए तमाम यात्री निर्धारित समय से पहले ही रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से करीब छह मिनट देरी से शाम 6.16 बजे पीलीभीत जंक्शन पर पहुंची। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन ठहरते ही यात्रियों की भीड़ ट्रेन में चढ़ना शुरू हो गई। करीब पांच मिनट ठहरने के बाद ट्रेन रेलवे स्टेशन से रवाना हो गई। यहां से यह ट्रेन पूरनपुर, मैलानी, लखीमपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर होते हुए मंगलवार सुबह 10 बजे वाराणसी सिटी पर पहुंचेगी। रेल अधिकारियों के मुताबिक लालकुआं-वाराणसी समर स्पेशल ट्रेन का संचालन प्रत्येक सोमवार को एवं वापसी में प्रत्येक मंगलवार को किया जाएगा। इधर, पीलीभीत से पूरनपुर, मैलानी आदि के लिए नियमित ट्रेनों का संचालन न होने से स्थानीय लोगों में मायूसी देखी गई।

# 55 मिनट चला रेस्क्यू ऑपरेशन, डॉट लगने के बाद भी टीम पर झपटा तेंदुआ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


पशुशाला के ऊपर लगाया गया जाल और घरों की छतों पर एकत्र लोगों की भीड़। • अमृत विचार


तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने की कोशिश करते डॉ. दक्ष और वहां खडे डीडी व अन्य।

- रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बार बार बेकाबू होती रही भीड़, पुलिस को छूटता रहा पसीना
- महोफ रेंज से सटे गांव बरी अलीगंज में सुबह साढ़े छह बजे जा घुसा तेंदुआ

**अमृत विचार:** न्यूरिया क्षेत्र के गांव बरी अलीगंज में आबादी के बीच गोशाला में घुसे तेंदुए को रेस्क्यू करने में वन विभाग की टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बार-बार बेकाबू हो रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अफसरों के पसीने छूट गए। भारी भीड़ के बीच 55 मिनट तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान तेंदुए को कैद कर लिया गया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सीमा से बाहर सामाजिक वानिकी पीलीभीत रेंज के रिहायशी इलाके में तेंदुआ पिछले एक सप्ताह से देखा जा रहा था। सोमवार तड़के तेंदुआ महोफ रेंज से सटे बरी अलीगंज गांव में जा पहुंचा। लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ गांव के ठाकुरदास की खपरैल नुमा पशुशाला में जा घुसा। तभी ग्रामीणों ने पशुशाला का गेट बंद कर दिया। हालांकि उस समय तक पशुशाला में कोई पशु नहीं था। सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो ग्रामीण तेंदुआ को तत्काल पकड़ने की मांग करने लगे। वन अफसरों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस पर ग्रामीण नोकझोंक करने लगे। अलीगंज गांव में तेंदुआ घुसने का पता लगने पर आसपास गांवों के लोग बाइकों, कारों में सवार होकर मौके पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। तेंदुए की एक झलक देखने के लिए लोग पशुशाला के आसपास छतों पर चढ़ गए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को मौके पर बुला लिया गया। मगर पुलिस के रोकने पर भी भीड़ कम होने के बजाए बढ़ती जा रही थी। पशुशाला के आसपास सैकड़ों की संख्या में लोग जमा थे। अनियंत्रित होती जा रही भीड़ को संभालने के लिए सीओ सदर प्रतीक दहिया को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। प्रशासनिक अफसरों के अलावा पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह व ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट डॉ. दक्ष गंगवार भी मौके पर जा पहुंचे। मौके पर जुटी भारी भीड़ और आबादी को देखते हुए तेंदुए को रेस्क्यू करने का प्लान बनाया गया। डिप्टी डायरेक्टर ने मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। स्थिति को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने तत्काल तेंदुआ को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू करने की अनुमति दे दी गई।

### तेंदुआ के ट्रेंकुलाइज होने पर देखने को दौड़े लोग

तेंदुआ के बेहोश होने और उसे उठाकर बाहर लाते देख भीड़ फिर बेकाबू हो गई। पशुशाला के गेट को तीनों ओर से वन कर्मियों और पुलिस ने घेर लिया। इसके बावजूद तमाम लोग रेस्क्यू वाहन के ऊपर चढ़ गए। कुछ लोग तेंदुआ की तस्वीर मोबाइल में कैद करने के लिए रेस्क्यू वाहन के नीचे घुस गए। जिन्हें पुलिसकर्मियों ने बाहर निकाला। भीड़ के बीच ही रेस्क्यू टीम तेंदुआ को बाहर लाई और पिंजड़े में कैद कर दिया। भीड़ बढ़ती देख रेस्क्यू वाहन को तत्काल मौके पर रवाना कर दिया गया। रेस्क्यू किए गए तेंदुआ को पीटीआर मुख्यालय लाया गया है। तेंदुआ को कहां छोड़ा जाएगा, इसका निर्णय उच्चाधिकारियों द्वारा लिया जाएगा।


पशुशाला में चारा मशीन के नीचे आराम करता तेंदुआ।


रेस्क्यू ऑपरेशन से पूर्व पशुशाला का मुआयना करते डीडी मनीष सिंह व अन्य।

### दोपहर 12.45 बजे शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन

डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में दोपहर करीब 12 .45 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु हुआ। पशुशाला के गेट पर रेस्क्यू वाहन खड़ा कर उसके आगे पिंजड़ा लगा दिया गया। पशुशाला के खुले क्षेत्र और गुजरने वाली सड़क पर खाबड़ लगाकर सुरक्षित किया गया। ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट डॉ. दक्ष ने सबसे पहले पशुशाला से सटी बाबूराम के घर की दीवार से तेंदुए पर निशाना साधने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। एक-दो अन्य स्थानों से तेंदुए को ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ के शोर करने पर तेंदुआ बार-बार अपनी जगह बदल रहा था। इस पर तेंदुए को पशुशाला के ऊपर लगी खपरैल से ट्रेंकुलाइज करने का प्लान किया गया। डॉ. दक्ष ने जैसे ही खपरैल के कुछ हिस्से को हटाया। तभी तेंदुआ तेज दहाड़ के साथ खपरैल की ऊंचाई तक आ पहुंचा। दोपहर 1.09 बजे डॉ. दक्ष ने ट्रेंकुलाइज गन से पहली डॉट चलाई, जो सीधे तेंदुए को जाकर लगी। डॉट लगते ही टीम पशुशाला के गेट की ओर दौड़ पड़ी। कुछ देर इंतजार के बाद रेस्क्यू टीम में शामिल वनकर्मी जाल लेकर पशुशाला के भीतर घुसे। तेंदुआ के बेहोश होने का इंतजार किया जा रहा था। इस बीच तेंदुए उठकर टीम की ओर झपड़ पड़ा। जिससे भगदड़ मच गई। तेंदुए के पूरी तरह से बेहोश न होने पर डॉ. दक्ष ने ट्रेंकुलाइज गन से टॉप अप ( बेहोश करने की डोज) दी। करीब 1.41 बजे टीम ने तेंदुए को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया।

### रेंज अधिकारी का पर्स गायब

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एक रेंज अधिकारी का पर्स गायब हो गया। उन्होंने पर्स को तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रेंज अधिकारी के मुताबिक पर्स में कुछ रुपयों के अलावा जरूरी कागजात थे।


तेंदुआ देखने को रेस्क्यू वाहन के नीचे घुसे लोग।

### सात से आठ साल का है तेंदुआ

पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि पकडा गया तेंदुआ सात से आठ साल का है। जो पूरी तरह स्वस्थ है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान पीटीआर के उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान, सामाजिक वानिकी प्रभाग के रेंजर पीयूष मोहन श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर शेर सिंह, बायोलॉजिस्ट लवप्रीत सिंह, डब्ल्यूटीआई की प्रांजली भुजबल और दोनों प्रभागों के वनकर्मी मौजूद रहे।

